# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0/72
दिनांक : 25.06.2020


## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय की क्रमशः विज्ञप्ति संख्या–गोप0/723, दिनांक 23.11.2019, गोप0/785, दिनांक 17.11.2019, गोप0/795, दिनांक 19.12.2019 द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के आन्तरिक अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड किये जाने की अवसर प्रदान किये गये थे किन्तु कॉलेज कोड–435, 436, 710, 761 व 811 के महाविद्यालयों/संस्थानों ने अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अपलोड नहीं किये, उनके द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों को माननीय कुलपति जी के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। माननीय कुलपति जी द्वारा इसे इसे अत्यन्त गम्भीरता से लिया गया तथापि विद्यार्थियों के भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त महाविद्यालयों/संस्थानों को अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अपलोड किये जाने की स्वीकृति परीक्षा समिति में रखे जाने की प्रत्याशा में प्रदान कर दी गई है। सम्बन्धित महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षित है कि वे अपने अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक प्रत्येक दशा में दिनांक 27.06.2020 व 28.06.2020 को अवश्य अपलोड करा दें।

2 संज्ञान में आया है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कतिपय बी0एड0 के महाविद्यालयों/संस्थानों ने अपने–अपने विद्यार्थियों के आन्तरिक अंक अपलोड करने में त्रुटि की है, जिस पर माननीय कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के हित को दृष्टिगत बी0एड0 प्रथम वर्ष के कॉलेज कोड–548, 601, 630 एवं 705 व बी0एड0 द्वितीय वर्ष के कॉलेज कोड–508, 601, 622, 634, 705, 762, 778, 780, 866, 889, 918, 920, 1064, 1084 व 1086 के छात्रों के संशोधित आन्तरिक अंक अपलोड करने की अनुमति परीक्षा समिति की प्रत्याशा में प्रदान कर दी गई है। इन महाविद्यालयों/संस्थानों से अपेक्षित है कि वे दिनांक 27.06.2020 व 28.06.2020 को प्रत्येक दशा में अवश्य अपलोड करा दें। उक्त तिथि के पश्चात् अन्य कोई तिथि किसी भी दशा में अनुमन्य नही होगी। विचलन की दशा में विश्वविद्यालय ऐसे महाविद्यालयों/संस्थानों के विरूद्व विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय के अधिनियम–1973 की संगत धाराओं के अन्तर्गत सम्बद्धता समाप्त किये जाने की कार्यवाही किये जाने के लिये स्वतन्त्र होगा।

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. व्यैक्तिक सहायक–कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक–प्रति कुलपति को प्रति कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. व्यैक्तिक सहायक–कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक–परीक्षा नियन्त्रक को परीक्षा नियन्त्रक महोदय के सूचनार्थ।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र/कमेटी सेल/वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
5. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।
6. प्रतिनिधि, आउटसोर्स एजेन्सी को इस निदेश के साथ प्रेषित कि उक्त बी0एड0 महाविद्यालय/संस्थानों को निर्बाध लिंक प्रदान करना सुनिश्चित करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)